नशे के खिलाफ युवाओं ने उठाई आवाज

▶ खेल, संगीत और योग से दिया नशामुक्ति संदेश



हरदा, 31 मई. विश्व तंबाखू निषेध दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिले में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया गया.

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के समन्वय से आयोजित इस अभियान में खेल, संगीत, योग और मेडिटेशन के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया. अभियान के तहत जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 100 मीटर दौड़ और फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसके माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और फिटनेस का संदेश दिया गया. वहीं शारदा एकेडमी में संगीत कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया.

ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय प्रजापिता संस्थान की बीके किरण दीदी और बीके राजेश ने योग एवं मेडिटेशन सत्र का संचालन किया. उन्होंने उपस्थित युवाओं और प्रतिभागियों को नशा न करने की शपथ दिलाई तथा नशामुक्त जीवन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी. वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थ व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं तथा परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक साबित होते हैं. युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया. कार्यक्रम में शामिल खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं और प्रतिभागियों ने नशामुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया. प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, नशा मुक्ति संदेश युक्त कैप और ट्रॉफियां भी वितरित की गईं. कार्यक्रम में उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी मयंक काले, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, योग गुरु राधेश्याम गौर, फुटबॉल कोच इमरान खान, हॉकी कोच संदीप उपस्थित रहे.

नर्मदा तटों पर चलाया स्वच्छता अभियान

पिपरिया. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था वूमेन चाइल्ड ओल्डर्स वेलफेयर सोसायटी तथा नवांकुर संस्था के सहयोग से शांडिल्य ऋषि की तपोभूमि सांडिया के नर्मदा तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया. अभियान के तहत तट क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. कार्यक्रम के दौरान श्रमदान भी किया गया, जिसमें स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और समिति सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विकासखंड समन्वयक दयाशंकर उमरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में नवांकुर संस्था की अध्यक्ष शीतल मौर्य, खूबचंद रघुवंशी, देवेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य मौजूद रहे. सबने नर्मदा तटों को स्वच्छ बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया.

वृद्धाश्रम में जरूरतमंदों को बांटे नए वस्त्र

मेरा देश मेरी जिम्मेवारी टीम ने बुजुर्गों और महिलाओं को दिए सन्देश

▶ बुजुर्गों ने संस्था के सदस्यों को दिया आशीर्वाद

▶ इस प्रयास को बताया सराहनीय और प्रशंसनीय



नर्मदापुरम, 31 मई. शहर की सामाजिक संस्था 'मेरा देश मेरी जिम्मेवारी' द्वारा रविवार को सेवा और संवेदनशीलता का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया. संस्था की टीम ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों को नवीन वस्त्र वितरित किए.

इसके साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जरूरतमंद महिलाओं को नए कपड़े प्रदान किए गए. संस्था के सदस्यों ने बताया कि जीवन में माता-पिता और बुजुर्गों का आशीर्वाद सबसे बड़ा धन होता है. इसी सोच के साथ टीम ने वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उन्हें वस्त्र भेंट कर सम्मान व्यक्त किया. कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने संस्था के सदस्यों को आशीर्वाद दिया और उनके इस प्रयास की सराहना की. वस्त्र वितरण अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है. संस्था लगातार विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने का कार्य कर रही है. टीम का मानना है कि छोटे-छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ी खुशी ला सकते हैं. संस्था के सदस्य कपिल भगोरिया, मुकेश बीलिया, प्रदीप गौर, बालकृष्ण मालवीय, हनीफ खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे. सभी ने मिलकर बुजुर्गों और जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र वितरित किए तथा समाज के अन्य लोगों से भी ऐसे सेवा कार्यों में आगे आने की अपील की. कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने भविष्य में भी इसी तरह जनसेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य जारी रखने का संकल्प लिया.

एक नजर में

मप्र पुलिस में चयनित संकल्प फाउंडेशन के चार विद्यार्थियों को सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान कर दी गई विदाई

पिपरिया, 31 मई. पचमढ़ी रोड स्थित संकल्प क्लासेज में आज सफलता सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पुलिस में चयनित संकल्प फाउंडेशन के चार विद्यार्थियों का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पमालाओं से सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई. सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में बनखेड़ी तहसील के ग्राम तिंदवाडा निवासी लोकेश कुशवाहा, पिपरिया तहसील के ग्राम खेड़ी कला निवासी सुनील प्रजापति, ग्राम लांजी निवासी सौरव पटेल तथा पिपरिया निवासी विशाखा अहिरवार शामिल रहे. सभी चयनित अभ्यर्थी शीघ्र ही मध्य प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण के लिए रवाना होने वाले हैं. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडी अध्यक्ष अरुणा जोशी उपस्थित रहीं. विशेष अतिथियों में नीलम पचौरी, भारती किसान मजदूर महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भार्गव, समाजसेवी सुखदेव सिंह कालोटी, बाथरे समाज के संभाग अध्यक्ष कैलाश बाथरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. संकल्प फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष केसर सिंह चौधरी, बलराम पाटर, लोटन सिंह रघुवंशी, जितेंद्र पुर्विया, तुलसीराम अहिरवार, श्यामलाल कहार, मनोज गौर तथा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे.

कुर्मी समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान



हरदा, 31 मई. कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज संगठन जिला हरदा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा समिति द्वारा शनिवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं. समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और उनके पालकों ने भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ. इसके बाद समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को शिक्षा, करियर और व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया. समाज के वरिष्ठ स्तंभ आर.एस. गौर, जिला अध्यक्ष एन.पी. गौर, समिति अध्यक्ष जी.आर. गौर, डॉ. राजीव खरे, जीवन गौर, हेमंत गौर, नितिन गौर और संदीप गौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर परिश्रम बेहद आवश्यक हैं.

सुर से सेवा तक : युवाओं को पुलिस बैंड भर्ती की तैयारी



नर्मदापुरम. जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने और पुलिस सेवा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से नर्मदापुरम पुलिस ने 'सुर से सेवा तक' अभियान शुरू किया है. इस पहल के तहत आगामी पुलिस बैंड भर्ती को ध्यान में रखते हुए युवाओं को विभिन्न वाद्य यंत्रों का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, एसडीओपी जितेंद्र पाठक और रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल ने युवाओं का मार्गदर्शन किया. अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान केवल संगीत प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और देश सेवा की भावना विकसित करने का भी माध्यम है. प्रशिक्षण में बिगुल, ड्रम, ब्रास बैंड सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों का विशेषज्ञों द्वारा गहन अभ्यास कराया जा रहा है. पुलिस अधिकारियों ने युवाओं को कड़ी मेहनत कर भर्ती प्रक्रिया में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया. अभियान का उद्देश्य युवाओं को पुलिस बैंड भर्ती के लिए तकनीकी और व्यावहारिक रूप से तैयार करना, संगीत के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है.

मां के पास छिपा था दुष्कर्म का आरोपी, पुलिस ने दबोचा



हरदा, 31 मई. सिविल लाइन थाना पुलिस ने नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा की 19 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म के मामले में आरोपी विवेक सराठे को गिरफ्तार कर लिया है.

आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. थाना प्रभारी आर.एस. तिवारी के अनुसार दुष्कर्म प्रकरण की जांच के लिए सिवनी मालवा थाने से केस डायरी हरदा भेजी गई थी. जांच के दौरान पता चला कि आरोपी हरदा के खंडवा बायपास रोड क्षेत्र स्थित एक किराए के मकान में रह रहा है. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए साइबर सेल की मदद ली गई और उसकी लोकेशन ट्रेस की गई.

पुलिस टीम जब आरोपी के घर पहुंची तो शुरू में परिजनों ने दरवाजा खोलने से इनकार किया. बाद में पुलिस द्वारा मकान को चारों ओर से घेरने पर दरवाजा खोला गया. परिजनों ने आरोपी के घर में नहीं होने की बात कही, लेकिन पुलिस ने पूरे घर की बारीकी से तलाशी शुरू कर दी. तलाशी के दौरान एक कमरे में आरोपी की मां दीवान पर बैठी मिली. इसी दौरान पुलिसकर्मियों को पलंगपेटी के अंदर से सांस लेने जैसी आवाज सुनाई दी.

संदेह होने पर जब पलंगपेटी खोली गई तो आरोपी उसके अंदर छिपा हुआ मिला. इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पीड़िता के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उन्हें वायरल करने की धमकी दी थी और इसी आधार पर उसका लगातार शोषण करता रहा.

नपा नहीं ढूंढ पा रही गंदे पानी का लीकेज

नवभारत न्यूज



इटारसी, 31 मई. न्यास क्षेत्र में झाग बाला गंदा पानी आने से रहवासी परेशानी से जूझ रहे हैं. वहीं नगरपालिका ने इस क्षेत्र में 2 इंच पाईप लाईन निवासियों के सामने पटककर उसी से पानी विरण करने का आश्वासन दिया है.

जिसमें मजेदार बात यह है कि ठेकेदार द्वारा ट्रक से लाकर पाईप मैदान में पटक दिये हैं. और निवासियों की संतुष्टि के लिय कहा जा रहा है कि आपको हम जल्द ही साफ पानी उपलब्ध कराएंगे. निवासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ से मिलकर गंदे पानी की समस्या का निराकरण कराने के लिये एक सप्ताह पूर्व मिले थे. उसके बाद ही नपा प्रशासन ने पाईप 2 इंच के बताकर नागरिकों को शांत कर दिया था.

बताया जाता है कि नागरिकों की मांग है कि 4 इंच पाईप यदि लग जाते हैं तो पीने के साफ पानी की व्यवस्था सुचारू हो सकती है. वहीं नपा प्रशासन कुछ उपद्रियों के उपर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाली एफआईआर दर्ज कराने का मन बना रही है. रामगोपाल ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन गंदे पानी का लीकेज तो ढूंढ नहीं पा रही है और हमें धमकाने का प्रयास कर रही है. यदि हम पीने के पानी की समस्या लेकर प्रशासन के सामने पहुंचते हैं तो एफआईआर के साथ जेल जाने को भी तैयार है क्योंकि पीने का पानी यदि हम मांग रहे हैं तो आपराधिक कार्य नहीं कर रहे हैं. रहवासियों ने बताया कि न्यास क्षेत्र में लगातार गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है.

लेकिन कोई जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। पानी इतना गंदा है कि पास में खड़े भी नहीं हो पा रहे हैं. गंदे पानी के कारण कई बीमारिया पनप रही हैं. लेकिन नपा का इस ओर ध्यान नहीं दे रही है. नपा के जिम्मेदारों का कहना है कि शिकायत के बाद जांच कराई गई लेकिन गंदा पानी आने का सोर्स पाता नहीं चल पा रहा है. यह भी संभावना जताई जा रही है कि चैबरों से गंदा पानी लीकेज पाइप से आ रहा होगा.

शक्तिकेंद्र की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर



बनखेड़ी, 31 मई. ग्रामीण मंडल बनखेड़ी के शक्तिकेंद्र क्रमांक मालहनवाड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं की कामकाजी बैठक मकरन सिंह पटेल के निवास पर आयोजित की गई.

बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई. मुख्य अतिथि दीपक महाला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के इतिहास और वैचारिक आधार पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संगठन की मजबूत नींव रखी, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने समर्पण और परिश्रम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया.

अवैध शराब पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

नर्मदापुरम. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशों तथा जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई और 8 प्रकरण दर्ज किए गए. कार्रवाई में 90 पाव देशी मदिरा, 38 लीटर हाथभट्टी शराब तथा लगभग 670 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया. जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 79,440 रुपये आंकी गई है.

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा आत्मनिर्भर महिला प्रोजेक्ट



बनखेड़ी, 31 मई. समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय नया सवेरा शिक्षा एवं जनकल्याण समिति ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'आत्मनिर्भर महिला प्रोजेक्ट' शुरू किया है. इस पहल के तहत महिलाओं को पूरी तरह नि:शुल्क प्रोफेशनल सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा.

समिति के अध्यक्ष ताहिर अली ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सिलाई के साथ-साथ बैग और थैलियां बनाने का कार्य भी सिखाया जाएगा. समिति द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे महिलाओं को आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगी. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद महिलाएं घर से ही बुटीक, सिलाई सेंटर या अन्य स्वरोजगार गतिविधियां शुरू कर सकती हैं. यह परियोजना महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.समिति का मानना है कि आर्थिक रूप से सक्षम बनने के साथ महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और उन्हें समाज में नई पहचान मिलेगी. इसके अलावा प्रतिभागी महिलाओं को समिति की विभिन्न महिला कल्याण और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा. समिति ने क्षेत्र की महिलाओं से इस पहल का लाभ उठाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया है.

आईपीएल विधायक टूर्नामेंट में चार टीमों की जीत



इटारसी, 31 मई. शनिवार को खेले गए पहले नॉकआउट मुकाबले में श्याम फ्यूल्स ने निर्धारित 8 ओवरों में 88 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीनियस सुपर किंग्स की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 89 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया.

शानदार गेंदबाजी के लिए सचिन यादव को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया. दूसरे मुकाबले में अग्रवाल कैटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 81 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया. जवाब में शुभ मंगल प्लाईवुड की टीम ने संयमित बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 82 रन बनाकर जीत हासिल की. मैच में प्रभावी गेंदबाजी करने वाले जय यादव को 'मैन ऑफ द मैच' सम्मान दिया गया. तीसरे मैच में दुबे इवेंट्स की टीम 58 रन ही बना सकी. लक्ष्य का पीछा करने उतरी रघुवंशी ब्रदर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए 64 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की. बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निहाल पटेल को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया. दिन के चौथे और अंतिम मुकाबले में वर्धमान बायपर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 54 रन बनाए. जवाब में साई कृष्णा राइडर्स ने 58 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया. घातक गेंदबाजी के दम पर विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकने वाले प्रिंस पटेल को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला. टूर्नामेंट संयोजक जितेन्द्र ओझा ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मुकाबले खेल भावना और अनुशासन के साथ संपन्न हुए. मैचों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी अतुल राठौर, सुदेश बाजपेई और उत्तम सोनी ने निभाई.

कार्रवाई नगरीय क्षेत्रों में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

कलेक्टर के निर्देश पर नर्मदापुरम और माखननगर में कार्रवाई

▶ सड़क किनारे लगे अवैध ठेले, गुमठी और स्टॉल हटाए गए



नर्मदापुरम, 31 मई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है.

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के साथ ही ठेला एवं प्रतिष्ठान संचालकों को निर्धारित स्थानों पर व्यवसाय संचालित करने की समझाइश भी दी जा रही है. इसी क्रम में नर्मदापुरम नगर पालिका के अमले ने वीआईपी रोड स्थित बजरंग मंदिर के सामने अव्यवस्थित रूप से लगे सब्जी ठेलों को हटाकर उन्हें व्यवस्थित रूप से सब्जी मंडी शेड में स्थानांतरित किया. कार्रवाई के दौरान ठेला संचालकों को यातायात व्यवस्था और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहरों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़क मार्गों को बाधामुक्त रखने और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा. अधिकारियों ने नागरिकों और व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें.

55 हजार किसानों से खरीदा गया 5 .83 लाख टन गेहूं

नर्मदापुरम. जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है. इस दौरान कुल 55 हजार 540 किसानों से 5 लाख 83 हजार 224 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई. प्रशासन के अनुसार खरीदी गई कुल मात्रा में से 5 लाख 66 हजार 378 मीट्रिक टन गेहूं का आर-टू-टी (रिसीव टू ट्रांसपोर्ट) किया गया, जो कुल खरीदी का 97 .11 प्रतिशत है. आर-टू-टी के विरुद्ध 5 लाख 32 हजार 379 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन किया गया, जो लगभग 94 प्रतिशत रहा. परिवहन की गई मात्रा में से 4 लाख 84 हजार 695 मीट्रिक टन गेहूं स्वीकृत किया गया, जबकि केवल 12 हजार 625 मीट्रिक टन गेहूं रिजेक्ट हुआ. यह कुल मात्रा का मात्र 2 .60 प्रतिशत है, जो उपार्जन प्रक्रिया की गुणवत्ता और पारदर्शिता को दर्शाता है.

भागवत कथा में गोवर्धननाथ को 56 भोग अर्पित

▶ कथा के पंचम दिवस पर कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

▶ उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हुए



सिवनी मालवा 31 मई. सिवनी मालवा की बलराम पटेल कॉलोनी में महागौरी महिला मंडल द्वारा आयोजित संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है.

कथावाचक पंडित सतीश शर्मा ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को माखन इसलिए प्रिय है क्योंकि माखन भक्त के निर्मल हृदय और समर्पण का प्रतीक है. उन्होंने कालिया नाग प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि कालिया नाग के आतंक से समूचा ब्रज क्षेत्र भयभीत था. भगवान श्रीकृष्ण ने बाल रूप में ही कालिया नाग का मर्दन कर ब्रजवासियों को उसके भय से मुक्त कराया. गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए पंडित शर्मा ने कहा कि सात वर्ष के बालक श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर सात दिन और सात रात तक गोवर्धन पर्वत धारण कर इंद्र देव के अभिमान का नाश किया. इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि मनुष्य को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए तथा बिना फल की चिंता किए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए. उन्होंने कहा कि भगवान ने भी कर्म को सर्वोपरि बताते हुए संदेश दिया है कि कर्म करना जीव का धर्म है और फल देना ईश्वर का.